आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

12.09.2024 समय : 1850

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौसम पूर्वानुमानों और जलवायु संबंधी जानकारी में अधिक सक्षमता हासिल करने के लिए मिशन मौसम योजना को भी मंजूरी दी।
- देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस दो हजार चौबीस के लिए मतदान इस महीने की पन्द्रह तारीख तक खुला है।
- सी आर सी ब्रुक्शाबाद की ओर से आज डिगलीपुर में दिव्यांगजनों के लिए करियर विकल्पों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।
- हिन्दी दिवस के अवसर पर कल से विभिन्न संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौसम पूर्वानुमानों और जलवायु संबंधी जानकारी में अधिक सक्षमता हासिल करने के लिए मिशन मौसम योजना को भी मंजूरी दी। यह योजना दो वर्षों में दो हजार करोड़ रुपये के परिव्यय से कार्यन्वित होगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित मिशन मौसम से देश में मौसम और जलवायु संबंधी विज्ञान, अनुसंधान और सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। इससे अत्यधिक सटीकता से मौसम और जलवायु संबंधी जानकारी प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरणों द्वारा ई–बसों की खरीद और संचालन के लिए पीएम–ईबस सेवा–भुगतान सुरक्षा तंत्र योजना को मंजूरी दे दी है। इनके अतिरिक्त केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस से दो हजार अट्ठाईस–उनतीस के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के कार्यान्वयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इस कार्यक्रम पर कुल सत्तर हजार एक सौ पच्चीस करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बासठ हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कें बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इन सड़कों से पच्चीस हजार बस्तियों को नई कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके अंतर्गत चालीस करोड़ श्रम दिवसों के लिए रोजगार सृजन भी होगा।

<><><><><><><>

देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस दो हजार चौबीस के लिए मतदान इस महीने की पन्द्रह तारीख तक खुला है। इस राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण का उद्देश्य नागरिकों के साथ सबसे पसंदीदा पर्यटक आकर्षण स्थलों की पहचान करना और आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति, वन्य जीवन और रोमांच वाली पांच श्रेणियों में पर्यटकों की धारणाओं को समझना है। अन्य श्रेणी के तहत नागरिक अपने व्यक्तिगत पसंदीदा पर्यटन स्थल को वोट कर सकते हैं, जो देश में अनछुए पर्यटन स्थलों की खोज में मदद करेगी। पर्यटन मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मतदान पोर्टल उपलब्ध हैं। इस पहल की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल मार्च में श्रीनगर में की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से अपने राज्य के सबसे बड़े आकर्षक पर्यटन स्थल के लिए मतदान करने का आग्रह किया है, जो सरकार को आवश्यक बजट आवंटित करने और इसके आसपास बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद कर सकता है। इस पहल के तहत लोग पांच श्रेणियों में मतदान कर सकते हैं। ये श्रेणियां हैं: 'आध्यात्मिक', सांस्कृतिक और विरासत, प्रकृति और वन्यजीव, साहसिक और अन्य। चार मुख्य वर्गों के

अलावा अन्य श्रेणी में कोई भी अपने व्यक्तिगत पसंदीदा गंतव्य के लिए वोट कर सकता है और अज्ञात पर्यटन स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद कर सकता है। यह एक समर्पित पोर्टल है जहां लोग अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के माध्यम से श्रेणियों में वोट कर सकते हैं, जिससे भारत के शीर्ष पर्यटक स्थलों को चिन्हित करने में मदद मिलेगी।

<><><><><><>

सी आर सी ब्रुक्शाबाद की ओर से आज डिगलीपुर में दिव्यांगजनों के लिए करियर विकल्पों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा के खंड परियोजना अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि उप–शिक्षा अधिकारी सुलोचना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बारहवीं कक्षा के बाद दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़े पाठ्यक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने में मदद करेगी, जिससे छात्रों को करियर चुनने में आसानी होगी। समग्र शिक्षा की दिव्यांग इकाई की बी आर पी एस. विजया ने दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़े व्यवसायों से संबंधित पाठ्यक्रम और देश भर के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के बारे में जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञ शिक्षक जय सिंह ने ऐसे छात्रों की विशेष जरूरतों पर प्रकाश डाला। सी आर सी ब्रुक्शाबाद की विशेषज्ञा सुश्री सरन्या और टी वाई आबिद ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से छात्रों के कल्याण से जुड़े करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में करीब अस्सी स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। आई सी डी एस परियोजना के तहत दक्षिण अंडमान के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए निकोबार जिले के चैम्पिन और ननकौड़ी द्वीपसमूह के आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्थानीय खाद्यान्नों और पोषण से भरपूर आहार को प्रदर्शित किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषाहार के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। माह के तहत प्रधानमंत्री के सुपोषित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए बड़े पैमाने पर ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

<><><><><><>

आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर में कल से हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन कल दिन में ग्यारह बजे आयोजित किया जाएगा। पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

उधर, इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र पोर्ट ब्लेयर की ओर से भी कल हिन्दी दिवस के अवसर पर वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। हिन्दी दिवस की महत्ता: देश की आवाज और देश की शान विषय पर आयोजित वेबिनार कल दिन में ग्यारह बजे आरंभ होगा।

<><><><><><>

किसान क्रेडिट कार्ड अभियान दो हजार चौबीस–पच्चीस पशु–पक्षियों के पालन पोषण के लिए अल्पकालिक ऋण प्रदान कर रहा है। पॉल्ट्री और डेयरी किसान केसीसी के पात्र है और उनके पास पशुओं के आवास के लिए स्वयं का या किराये का या लीज़ पर शेड होना अनिवार्य है। किसानों को अपने आवेदन की प्रक्रिया के लिए अपने नजदीकी वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय या औषधालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

वयोवृद्ध मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी नेता और प्रमुख राजनेता सीताराम यचूरी का आज लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे बहत्तर वर्ष के थे। इनके निधन पर मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के स्थानीय इकाई के राज्य सचिव डी अय्यप्पन और अन्य नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। जारी बयान में कहा गया है कि स्वर्गीय सीताराम यचूरी एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ थे। भारतीय राजनीति उनकी कमी महसूस करेगी।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय आयुवेर्दीय अनुसंधान संस्थान की ओर से कमोर्टा द्वीप पर सर्वेक्षण और निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ की एक टीम अट्ठारह से उनतीस सितम्बर तक कमोर्टा द्वीप पर जनजाति स्वास्थ्य देखभाल सर्वेक्षण और आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक साठ दशमलव एक मिलीमीटर, लांग आइलैंड में चार दशमलव तीन, पोर्ट ब्लेयर में दो दशमलव एक और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>